# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

प्रेषक,
कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0,
जौनपुर।

वेब साईट :www.vbspu.ac.in
ई–मेल : connectpuregistrar@gmail.com
दूरभाष : 05452–252244

पत्रांक : 2617 / शैक्षणिक / 2023 दिनांक– 19.06.2023

सेवा में,

1 समस्त संकायाध्यक्ष
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2 प्राचार्य / प्राचार्या
अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालय,
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3 समस्त समन्वयक
(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित)
वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

**विषय**–मा0 कुलाधिपति की अध्यक्षता में दिनांक 8 एवं 9 जुलाई 2023 को विश्वविद्यालयों / संस्थानों की दो दिवसीय "शिक्षा मंथन–2023" कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्याःई–3366 / 32–जी0एस0 / 2023 दिनांक 9 जून 2023 के क्रियान्वयन हेतु मा0 कुलपति के आदेश दिनांक 15 जून 2023 के क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश प्राप्त हुआ है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में क्या चुनौतियां सामने आइ एवं आप द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में क्या–क्या गतिविधियां संचालित की गई उनकी संक्षिप्त आख्या दिनांक 24 जून 2023 तक शैक्षणिक विभाग की ई–मेल आई0डी0 aracademicvbspu@gmail.com प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय,
19/6/23
कुलसचिव

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

16-06-23

# कुलपति कार्यालय
## वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर – 222003 (उ0 प्र0)

पत्रांक: 424 / कु.का. / 2023

दिनांक 15.06.2023

कुलसचिव

मा० कुलाधिपति की अध्यक्षता में दिनांक 08 एवं 09 जुलाई, 2023 को विश्वविद्यालयों / संस्थानों की दो दिवसीय "शिक्षा मंथन–2023" कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–3366 / 32–जी0एस0 / 2023, दिनांक–09 जून, 2023 का संदर्भ ग्रहण करें। कार्यशाला का आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को सही मायनों में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने, नैक मूल्यॉकन, नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क, क्यू०एस० एशिया रैंकिंग, क्यू० एस० ग्लोबल रैंकिंग तथा अन्य राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिंग में राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने, मातृभाषा में पुस्तक निर्माण / अनुवाद, विश्वविद्यालयों में परीक्षा सुधार जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा होना है।

उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित कार्यवाही अपेक्षित है–

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियत्रंक / समन्वयक आई0क्यू0ए0सी0 उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
2. कार्यशाला में भाग लेने हेतु कुलसचिव 10 अनुभवी शिक्षक / शिक्षकाओं (50 प्रतिशत महिला शिक्षकायें) की सूची उपलब्ध करायें।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए अद्यतन क्या–क्या गतिविधियाँ संचालित की गयी तथा क्या चुनौतियाँ सामने आयीं उनकी संक्षिप्त आख्या 30.06.2023 तक अनिवार्य रूप से राजभवन को प्रेषित किया जाना है। अतः विश्वविद्यालय परिसर के समस्त संकायाध्यक्षों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कार्य देख रहे समन्वयक एवं कुछ प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के प्राचार्यो को उक्त के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्राप्त कर 24.06.2023 तक प्रस्तुत करें ताकि समेतिक सूचना तैयार की जा सके।
4. कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारियों / शिक्षकों की सूची एक सप्ताह पूर्व आयोजक विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें।

उक्त बिन्दुओं पर समयान्तरगत कार्यवाही सुनिश्चित करें।

15/06/23
कुलपति

पत्र सं० 424
पंजिका सं० 27
दिनांक 15-6-23

① वित्त अधिकारी
② परीक्षा नियंत्रक
③ समन्वयक (IQAC)
④ सह कुल (शै०)

15/6/23

श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह
16-06-23

ई–मेल / पंजीकृत

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्याः ई– 3366/32–जी0एस0/2023

दिनॉकः 09 ,जून–2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– मा0 कुलाधिपति की अध्यक्षता में दिनॉक 08 एवं 09 जुलाई, 2023 को विश्वविद्यालयों / संस्थानों की दो दिवसीय "शिक्षा मंथन–2023" कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आप अवगत हैं, कि NAAC मूल्यॉकन की तैयारियों के बारे में मान्नीया कुलाधिपति महोदया द्वारा समय–समय पर विशेष बल दिया जाता है, और प्रदेश में विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में NAAC की तैयारियों के बारे में प्रस्तुतीकरण का भी अवलोकन किया जाता है।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मान्नीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिः 08 व 09 जुलाई, 2023 को दो दिवसीय "शिक्षा मंथन–2023" कार्यशाला का आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को सही मायनों में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने, नैक मूल्यॉकन, नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फेमवर्क, क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग, क्यू0 एस0 ग्लोबल रैंकिंग तथा अन्य राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिंग में राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने, मातृभाषा में पुस्तक निर्माण / अनुवाद विषय पर चर्चा तथा निर्णय, विश्वविद्यालयों में परीक्षा सुधार (Examination reforms) जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गहनता से विचार–विमर्श किया जायेगा।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में राज्य के प्रत्येक कृषि, चिकित्सा, संस्कृति, प्राविधिक एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण/निदेशकगण तथा कुलसचिव, वित्त नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक, आईक्यूएसी के हेड सहित प्रत्येक विश्वविद्यालय में 10 से 15 वर्षो के अनुभव धारी 10 शिक्षक–शिक्षिकायें प्रतिभाग करेंगे। जिन विश्वविद्यालयों/संस्थानों में शिक्षकों की संख्या अधिक है, उनसे 15 शिक्षक प्रतिभाग कर सकते हैं, जिसमें 50 प्रतिशत् महिला शिक्षिकायें प्रतिभागी होंगी।

प्रस्तावित दो दिवसीय "शिक्षा मंथन–2023" कार्यशाला का आयोजन स्थल छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर होगा, जिसमें चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर एवं हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा। सभी राज्य विश्वविद्यालय/संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्यशाला का आर्थिक बोझ वहन किया जायेगा, जिससे किसी एक विश्वविद्यालय पर इसका वित्तीय व्ययभार न पड़े। इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु एक शीर्ष स्तरीय समिति का गठन भी किया जा रहा है।

इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों के प्रवास का प्रबंध सम्बन्धित आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान अपने अपने प्रतिभागियों की सूची कार्यशाला से एक सप्ताह पूर्व आयोजक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है, कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के लिये अद्यतन क्या–क्या गतिविधियाँ संचालित की गई, तथा क्या चुनौतियाँ सामने आयीं, उनकी संक्षिप्त आख्या दिनॉक 30–06–2023 तक अनिवार्य रूप से इस सचिवालय को उपलब्ध करायें तथा समस्त कुलपतिगण/निदेशकगण कृपया अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से पूर्ण तैयारी के साथ पूरी टीम सहित अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें, जिससे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का सम्पूर्ण लाभ विश्वविद्यालय/संस्थान को प्राप्त हो सके।

भवदीय,

04/6/23

(डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,